# इनामी आरोपी लाख रुपए से ज्यादा की नशीली कफ सिरप के साथ गिरफ्तार

### चार पहिया वाहन, बंदूक और जिंदा कारतूस भी मिले

**नागौद कोतवाली पुलिस ने दस हजार रुपए के इनामी आरोपी को उसके एक साथी के साथ गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से एक लाख बाइस हजार चार सौ रुपए की नशीली दवा जप्त की गई है।**

सतना।



पुलिस सूत्रों ने बताया कि 27 जनवरी भ्रमण के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना मिली की सतना तरफ से एक बुलेरो कैम्पर गाडी नं.जीजे 12 एमडी 4917 में अवैध कफ सिरप लोड होकर बिक्री हेतु पोंडी तरफ जा रहा है। मुखबिर सूचना की तस्दीक हेतु हमराही स्टाफ एवं साक्षियों के मुखबिर के द्वारा बताये हुये स्थान पर रवाना हुआ जहाँ पर सतना पोंडी मार्ग पर एक सफेद रंग की बुलेरो कैम्पर गाडी आती हुई दिखाई दी जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया। जिसे हमराही स्टाफ ने घेराबंदी कर रोकवाया जाकर बुलेरो में बैठे व्यक्तियों से नाम पता पूछा गया जो नाम राजन सिंह निवासी करही पवाई एवं साधु चतुर्वेदी निवासी करही कोठार का होना बताये। आरोपियों को सूचना से अवगत कराया जाकर मौजूद साक्षीगण व समक्ष संदेहियों एवं संदेहियों के वाहन की तलाशी ली गयी जो गाड़ी के अंदर ड्रायवर के पीछे वाली सीट में व सीट के नीचे रखे 06 कार्टून तथा 01 बारह बोर की दो नली बंदूक मय 01 नग लोड जिंदा कारतूस तथा 01 नग कुल्हाड़ी रखे होना पाये गये। 06 नग कार्टूनो को गाड़ी से नीचे उतारकर प्रत्येक कार्टून को खोलकर देखा गया जो प्रत्येक कार्टून में पन्नी से शीलबंद 04 -04 पैकेट,प्रत्येक पैकेट में 30-30 नग की शीशी,प्रत्येक शीशी की कीमत 170 रुपये की जो 100ml की प्रत्येक शीशी का होना पाया गया। इस प्रकार से कुल 06 कार्टुनो में विंग्स बायोटच एल.एल.पी.ओनरेकस कुल 720 नग शीशी कीमती 1,22,400 रुपये का नशीली कफ सिरफ का होना पाया गया। राजन सिंह एवं साधू चतुर्वेदी को उनके आधिपत्य में पायी गई बुलेरो कैम्पर गाड़ी में रखे 01 बारह बोर दो नली बंदूक,01 नग जिंदा कारतूस,720 नग शीशी अवैध कफ सिरप,01 नग कुल्हाड़ी के रखने परिवहन करने के संबंध में वैध दस्तावेज चाहा गया जो कोई दस्तावेज का नही होना बताये है। आरोपीयों का यह कृत्य धारा 8-बी,21,22 एनडीपीएस एक्ट 5/13 ड्रग कंट्रोल अधिनियम 25/27 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत दण्डनीय पाये जाने से आरोपीगण राजन सिंह पिता उदयभान सिंह उम्र 31 वर्ष निवासी करही पवाई थाना सिविल लाइन सतना,जिला सतना (म.प्र.) एवं साधू चतुर्वेदी पिता नाथूराम चतुर्वेदी उम्र 31 वर्ष निवासी करही कोठार थाना सिविल लाइन को गिरफ्तार कर वापस थाना लाया जाकर थाना नागौद में अपराध क्रमांक 46/24 धारा 8-B, 21, 22 एनडीपीएस एक्ट 5/13 ड्रग कंट्रोल अधिनियम 25/27 आर्म्स एक्ट का अपराध सदर कायम कर विवेचना में लिया जाकर आरोपीगणों को माननीय न्यायालय पेश किया गया जिन्हें माननीय न्यायालय द्वारा जेल भेज दिया गया।

### आरोपी राजन पर दर्ज हैं 40 मुकदमे

मुख्य बात यह है कि आरोपी राजन सिंह निवासी करही का कुख्यात आदतन अपराधी है जो सतना जिले के कई थाना क्षेत्र में विभिन्न अपराधों में वांछित है। आरोपी राजन सिंह के विरुद्ध थाना नागौद सहित जिले के अन्य थाना क्षेत्र में बलवा,लूट,हत्या का प्रयास करना,शराब पीने के लिये पैसे मांगने,अवैध शस्त्र रखने, शासकीय सेवको पर हमला करने जैसे कई अपराध दर्ज हैं। आरोपी के विरुद्ध जिलाबदर,एनएसए जैसे कठोर कार्यवाही की गई है। जानकारी में इसके विरुद्ध थाना नागौद सहित अन्य थाना क्षेत्र में दर्ज हैं। जिसमें

थाना सिविल लाइन जिला सतना (म.प्र.)अप.क्र.356/09 धारा 341,294, 353,186,332,506,34 भादवि,अप.क्र. 238/12 धारा 341,294,323,506,304,34 भादवि अप.क्र. 368/12 धारा 392,394 भादवि, अप.क्र. 94/13 धारा 147,148,149,436,506 भादवि अप.क्र.180/13 धारा 294,323,506, 327, 34 भादवि अप.क्र. 181/13 धारा 393 भादवि अप.क्र.168/15 धारा 294,327,323,506,34 भादवि अप.क्र. 169/15 धारा 451,294,506,34 भादवि अप.क्र. 319/16 धारा 341,294, 327, 506, 34 भादवि अप.क्र. 333/16 धारा 294,506,307,34 भादवि अप.क्र. 510/16 धारा 294,452,323, 506,34 भादवि अप.क्र. 544/16 धारा 294,323,506,342,386,34 भादवि अप.क्र. 568/16 धारा 341,294,323,506,384,34 भादवि अप.क्र.607/16 धारा 25 आर्म्स एक्ट अप.क्र.163/19 धारा 294,506,427,323,34 भादवि अप.क्र. 87/20 धारा 307,186,353 भादवि 25/27 आर्म्स एक्ट,14 म.प्र. रा.सु.अधि.अप.क्र.41/21 धारा 327,294,323,506 भादवि अप.क्र.96/21 धारा 452,440, 386,294,506,427,34 भादवि अप.क्र. 720/22 धारा 341,294,323,324,506,34 भादवि अप.क्र. 794/22 धारा 294,323,327,506 भादवि अप.क्र. 52/24 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट अप.क्र. 55/24 धारा 327,294,323,506 भादवि अप.क्र.60/24 धारा 294,307,34 भादवि 25/27 आर्म्स एक्ट

इस्त.क्र. 01/21 धारा 3(2) राष्ट्रीय सुरक्षा अधि.1980 (एनएसए) इस्त.क्र. 06/21 धारा 5 (ख) 13 राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 (जिलाबदर) थाना कोलगवाँ जिला सतना (म.प्र.) अप.क्र.876/07 धारा 25 बी आर्म्स एक्ट अप.क्र. 341/09 धारा 294,323,506,34 भादवि अप.क्र. 961/09 धारा 392 भादवि

अप.क्र. 656/15 धारा 307,34 भादवि 25/27 आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली जिला सतना (म.प्र.) अप.क्र. 83/12 धारा 341,294,323,506,34 भादवि अप.क्र.137/20 धारा 341,427,294,323,327,34 भादवि अप.क्र.676/20 धारा 327,294,323,506,34 भादवि थाना सिंहपुर जिला सतना (म.प्र.) अप.क्र.160/13 धारा 395,397 भादवि 25/27 आर्म्स एक्ट अप.क्र.161/13 धारा 307,34 भादवि 25/27 आर्म्स एक्ट अप.क्र.162/13 धारा 307,34 भादवि 25/27 आर्म्स एक्ट 11/13 एडी एक्ट अप.क्र. 07/24 धारा 386,294,323,506,341 भादवि 11/13 एडी एक्ट, 3(1)(द), 3 (1)(घ), 3 (1)(V) SC/ST एक्ट,अप.क्र. 09/24 धारा 25 (2),25/27 आर्म्स एक्ट ,11/13 एडी एक्ट थाना नागौद जिला सतना (म.प्र.) अप.क्र.195/16 धारा 294,452,427,506,34 भादवि अप.क्र. 61/21 धारा 435,294, 323,506,34 भादवि अप.क्र. 46/24 धारा 8-बी,21,22 एनडीपीएस एक्ट 5/13 ड्रग कन्ट्रोंल एक्ट 25/27 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमे दर्ज है।आरोपियों को गिरफ्तार करने में निरीक्षक अशोक पाण्डेय ( थाना प्रभारी नागौद) उप निरीक्षक रुपेन्द्र राजपूत,रंगदेव सिंह,मुनेश भारती,सउनि.हेमराज सिंह,अजीत वर्मा, रविशंकर शुक्ला,प्रआर.संदीप पाण्डेय,संजय मिश्रा,निरंजन मेहरा,आर. वीर बहादुर सिंह,अनुराग पाण्डेय, अखिलेश्वर सिंह,मुनेश सिंह,प्रदीप कुशवाहा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## खबर संक्षेप

### जिला पिछड़ा वर्ग मोर्चा की कामकाजी बैठक आयोजित



**सतना।** जिला कार्यालय में पिछड़ा वर्ग मोर्चा की अति आवश्यक बैठक लोकसभा चुनाव के संबंध में आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष राजपाल यादव ने की,एवं जिले के सभी पदाधिकारी एवं मंडल के समस्त अध्यक्ष कार्यकर्ता शामिल हुए। सतीश शर्मा जिला अध्यक्ष, राजपाल यादव जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा,के बी सिंह, तिरुवन यादव,कल्याण दास विश्वकर्मा,विमल कुमार नामदेव,राधे चरण सोनी, दिलीप कुमार सोनी,राजेश कुमार सोनी आदि उपस्थित थे।

### नेत्रदान कर अमर हो गयीं हरजीत कौर भाटिया



**सतना।** प्रेम नगर निवासी श्रीमती हरजीत कौर भाटिया (पति सरदार राजेंद्र सिंह भाटिया) का आकस्मिक निधन हो गया। पवन मलिक एवं जसविंदर सिंह भाटिया 'बब्बल' ने नेत्र दान कराने परिजनों से संपर्क किया। लायंस क्लब सतना हेल्पिंग हैंड्स के सहयोग से सद्गुरु सिटी आई क्लिनिक की सजग टीम के सुरेश पटेल व दिनेश द्वारा नेत्रदान कराया गया। भाटिया परिवार ने पीड़ित मानवता की सेवा हेतु सर्वोत्तम दान नेत्रदान का मानस बनाया एवं पूरे परिवार की सहमति से नेत्र दान से दो लोगों की अंधेरी दुनिया रोशन होगी। इस लोकोपकारी दान हेतु लायंस क्लब ने नेत्रदाता परिजनों सरदार राजेंद्र सिंह भाटिया (पति),जगदीप सिंह भाटिया (दीपू), गुरुमीत सिंह भाटिया (हनी) (पुत्र) के प्रति साधुवाद ज्ञापित किया है। साथ ही पुण्य आत्मा की शांति के लिए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है।

### दिशा की बैठक आज

**सतना।** जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सांसद गणेश सिंह की अध्यक्षता में 29 जनवरी को दोपहर 12 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। सीईओ जिला पंचायत डॉ परीक्षित झाड़े ने संबंधित विभाग प्रमुख अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिये है। दिशा की बैठक में स्मार्ट सिटी सतना के निर्माण कार्य, प्रधानमंत्री आवास,सीवर लाइन, मिनी स्मार्ट सिटी मैहर और चित्रकूट,नगरीय निकाय सतना,चित्रकूट और मैहर में प्रगतिरत नवीन कार्य,धान उपार्जन,नल जल योजना, बाणसागर एवं बरगी नहर,मेडिकल कॉलेज सतना,सोहावल-बेला रोड,विद्युत मंडल के कार्य, ग्रामीण सड़क, स्वास्थ्य विभाग, आदिम जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग की समीक्षा तथा सतना और मैहर जिले में संपन्न हुई विकसित भारत संकल्प यात्रा की समीक्षा की जायेगी।

### ईवीएम-वीवीपैट मशीनों की एफएलसी आज

**सतना।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत मतदान केंद्र में उपयोग होने वाली ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों की एफएलसी का कार्य 29 जनवरी को किया जायेगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने एफएलसी कार्य के दौरान मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्षों से उपस्थित का आग्रह किया है। एफएलसी कार्य संपन्न कराने डिप्टी कलेक्टर एलआर जांगड़े को पर्यवेक्षण अधिकारी तथा ईई आरईएस अश्वनी जायसवाल को नोडल और सहायक यंत्री अरविंद गुप्ता को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। इसके साथ ही एफएलसी कार्य समय पर पूर्ण कराने एवं बेल इंजीनियर्स की सहायता के लिये तकनीकी अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

## आयकर के नवीन प्रावधानों पर सेमिनार आयोजित

**सतना।** विन्ध्य चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज सतना द्वारा चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट एसोसिएशन के साथ चेम्बर सभागार में केन्द्र सरकार द्वारा आयकर अधिनियम की धारा 43 बी में किये गये संशोधन का असर व्यवसायियों मे किस तरह का और कितना पडेगा इस संदर्भ मे विशेष बैठक आयोजन चेम्बर अध्यक्ष सतीश सुखेजा की अध्यक्षता मे आयोजित की गई। चेम्बर महामंत्री संदीप कुमार जैन ने बताया कि 1 अप्रैल 2023 से आयकर अधिनियम की धारा 43 बी मे अत्यंत संवेदनशील संशोधन की बारिकियों का समझने हेतु चार्टर्ड एकाउन्टेट संध के साथ आयोजित इस बैठक मे शहर के प्रबुध्य व्यावसायियों द्वारा चर्चा परिचर्चा कर इस अधिनियम की बारिकिया जानी उपस्थित व्यवसायियों के सभी सवालों व जिज्ञासा का चार्टर्ड एकाउन्टेट पेनल द्वारा विस्तार से जवाब दिया गया इस प्रावधान मे सभी व्यवसायी प्रभावित होंगे जिसका की सालाना टर्न ओवर 50 करोड़ से कम है परिचर्चा मे से ये बात भी निकल कर सामने आई की जो भुगतान की समय सीमा 45 दिन की है। उसे 90 दिन करके और सभी व्यवसायियों को इसमे शामिल करने का सुझाव केन्द्र सरकार को दिया जाये, क्योंकि मध्यम वर्गीय व्यवसायी 45 दिन मे भुगतान करने के लिए तो बाध्य होगा किन्तु छोटे व्यवसायियों द्वारा उनका भुगतान समय पर नही लौटेगा। प्रावधानों पर चर्चा हेतु सेमिनार मे मुख्य वक्ता के रूप मे सी.ए. विराग जैन, सी.ए. अंशुल दुबे, सी.ए. अभिषेक कामदार, सी.ए. करन चैरसिया, सी.ए. महान गुप्ता एवं सी.ए. रवि मेहतेले ने उपस्थित सदस्यो के सवालो का जवाब सुगमता से दिया। सी.ए. विराग जैन ने बताया कि आयकर की धारा 43 ठ यदि आप किसी सूक्ष्म एवं लघु इंटरप्राइज(उंसस - डपबतव मदजमतचतपेम) विक्रेता का कोई भुगतान देय है तो आपको उनके साथ यदि कोई एग्रीमेंट है तो 45 दिन में और एग्रीमेंट नहीं है तो 15 दिन में भुगतान करना होगा और यदि आप ऐसा नहीं करते हैं तो यह बकाया राशि आपकी इनकम में जुडेगी और आपको इसकी छूट उस वर्ष में मिलेगी जब आप उसका भुगतान करेंगे और याद रखें कि जिस वर्ष में आपने उस देय राशि का भुगतान नहीं किया हैं और 15 दिन या 45 दिन(जैसा भी मामला हो) बीत चुकें है तो इस राशि के आपकी आय में जुड़ने पर कल्पना कीजिये आपके इस प्रावधान के उल्लंघन के लिए कितना आयकर भरना पडेगा। इसलिए अभी से अपने लेनदारों को समय से भुगतान करना शुरू कर दें ताकि 1 मार्च 2024 तक तो उन्हें भुगतान हो ही जाएं और कुछ भी आपकी इनकम मे इस सम्बन्ध में नहीं जुड़े। 31 मार्च 2024 को आप उन्हीं लेनदारों को उतनी ही राशि तक बकाया रख सकते हैं जहां उनकी सप्लाई को केवल 15 दिन या 45 दिन पूरे नही हुए हैं और उनका भुगतान भी अप्रैल 2024 में सप्लाई के 45 दिन या 15 दिन पूरे होने के भीतर ही करना होगा वरना यह रकम आपकी मार्च 2024 को समाप्त वर्ष की इनकम में जुड़े जाएगी। यह बहुत ही संवेदनशील प्रावधान हैं अभी आपके पास समय है इसलिए इसका बहुत ही ध्यान रखकर पालन कर। आपकी चूक आपके लिये बहुत ही भयंकर परिणाम ला सकती है।

## विटस कॉलेज को हराकर विद्युत विभाग ने आठ विकेट से मैच जीता

सतना।



75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर स्थानीय विटस इंजीनियरिंग कॉलेज मैदान में बिट्स कॉलेज प्रोफेसर और विद्युत विभाग सतना के मध्य क्रिकेट मैच खेला गया जिसमें विद्युत विभाग ने 8 विकेट से मैच जीत लिया। मैच के प्रारंभ में बिट्स कॉलेज के चेयरमैन सुनील सेनानी ने दोनों टीम का परिचय प्राप्त करते हुए खेल की प्रेरणा हेतु जागरूपता बनाए रखने के लिए विद्युत विभाग के सभी खिलाड़ियों को कार्य के अतिरिक्त खेल के लिए समय निकालने की तारीफ की वहीं विशिष्ट रूप से उपस्थित अमरपाटन के कार्यपालन अभियंता राज कुमार पांडेय ने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। बिट्स कॉलेज की टीम के कप्तान अखिल प्रताप सिंह ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सीमित 20 ओवरों में पांच विकेट खोकर 161 रन बनाएं जिसमे आशीष गर्ग ने 40,अमित सिंह ने 41,अखिल प्रताप सिंह ने 21 और बेग सर 23 और क्रीड़ा प्रमुख रविशंकर मिश्रा ने 14 रन का योगदान दिया जबकि गेंदबाजी में सहायक अभियंता कुलदीप मिश्रा,कनिष्ठ अभियंता राहुल मिश्रा,सहायक अभियन्ता विकाश द्विवेदी और बी के त्रिवेदी ने एक एक विकेट प्राप्त किया। जबकि विकेट के पीछे अच्छी विकेट कीपिंग करते हुए कार्यपालन अभियंता रत्नेश सिंह ने शानदार कैच लपके और रन आउट किया। विद्युत विभाग की तरफ से काफी किफायती बालिंग सहायक अभियंता विद्यासागर सिंह ने की जबकि प्रोग्रामर आशुतोष गुप्ता व शहर संभाग के कार्यपालन अभियंता अमित केवट ने शानदार क्षेत्ररक्षण करते हुए टीम की जीत के लिए अहम योगदान दिया। जवाबी पारी खेलते हुए विद्युत विभाग की तरफ के ओपनर बल्लेबाज कप्तान कार्यपालन अभियंता रविशंकर मिश्रा और नोडल अधिकारी अजय दुबे ने शानदार पार्टनरशिप करते हुए पहले विकेट के लिए 80 रन जोड़े इस तेज तर्राट साझेदारी ने मैच का पूरा रुख विद्युत विभाग की ओर कर दिया,साझेदारी में रविशंकर मिश्रा ने 4 छक्के और 12 चौकों की मदद से 96 रनो का योगदान दिया जबकि अजय दुबे ने 5 चौकों की मदद से 26 रनो का योगदान दिया जबकि सहायक अभियंता कुलदीप मिश्रा ने 26 और कनिष्ठ अभियंता राहुल मिश्रा ने 10 रनो का योगदान दिया। दिलीप सिंह और प्रमोद पाण्डेय ने एक एक विकेट प्राप्त किए। विद्युत विभाग की जीत के बाद कार्यपालन अभियंता अमित कुमार केवट रत्नेश कुनार सिंह,रविशंकर मिश्रा और अमरपाटन के कार्यपालन अभियंता राजकुमार पाण्डेय ने टीम को जीत की बधाई देते हुए अच्छी खेल भावना की तारीफ की। उक्त मैच में कनिष्ठ अभियंता प्रभाकर सिंह,चंदन तिवारी,आंखोदेखा हाल सुनाने वाले अफसर अली हाशमी,रोहित पांडे,विकाश मिश्रा,मुनेन्द्र पाण्डेय,संजय रवि सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## जीआरपी-आरपीएफ का रेलवे प्रीमियर लीग 2024 पर कब्जा

सतना।



रेलवे मनोरंजन सदन के तत्वाधान में खेली जा रही आरपीएल प्रतियोगिता में रविवार का फाइनल जीआरपी आरपीएफ बनाम इंजीनियरिंग के मध्य खेला गया। जिसमें टॉस जीत के जीआरपी आरपीएफ के कप्तान बब्बन लाल ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। जीआरपी आरपीएफ ने पहले खेलते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 135 रन 7 विकेट खोकर बनाएं टीम की तरफ से सर्वाधिक रन पवन कुमार ने 57 लोकेश पटेल ने 37 एवं अरविंद शिव ने 19 रन बनाए। गेंदबाजी में इंजीनियरिंग की तरफ से अवधेश कुमार ने दो विकेट रामबालक राहुल और उमेश को एक-एक विकेट मिला दो खिलाड़ी रन आउट हुए जवाबी पारी खेलने उतरी इंजीनियरिंग की टीम 14 ओवरों में 72 रन बनाकर और आउट हो गई। इंजीनियरिंग की तरफ से नगेंद्र ने सर्वाधिक 26 रन बनाए। गेंदबाजी में जीआरपी आरपीएफ की तरफ से अमित ने चार विकेट सुधीर एवं दिनेश पटेल को दो दो विकेट एवं पवन कुमार को एक विकेट मिला। एक खिलाड़ी रन आउट हुआ। इस तरह जीआरपी आरपीएफ ने इंजीनियरिंग टीम को 63 रनों से हराकर रेलवे प्रीमियर लीग 2024 प्रतियोगिता जीत ली। मैच में मुख्य अतिथि की हैसियत से सतना सांसद गणेश सिंह उपस्थित रहे एवं अध्यक्षता सिद्धू सिंह गढ़ी नागौद ने की,जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में एडीईएन राजेश पटेल एडीएमई के चौरसिया एडीएसटी शिवम चौधरी एवं शहीद सैनिक सेवा समिति के संस्थापक लखेश्वर सिंह रहे। मैच में मैन ऑफ द मैच पवन कुमार को दिया गया। जिन्होंने 57 रन बनाए एवं गेंदबाजी में एक विकेट लिया। मैच में अंपायरिंग का दायित्व एसएन शुक्ला एवं नीवेंद्र ने निभाया। स्कोरर आरके गुप्ता एवं कमेंटेटर डी के सक्सेना एवं मनोज मिश्रा रहे। रेलवे प्रीमियर लीग प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को उनके सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए पुरस्कार दिया गया। इसमें बेस्ट विकेट कीपर धीरेंद्र गुप्ता बेस्ट फील्डर अमित कुमार सिक्सर किंग एवं राइजिंग स्टार नीवेंद्र सिंह, बेस्ट बॉलर कृष्ण कुमार बेस्ट बैट्समैन लोकेश पटेल एवं मैन ऑफ द टूर्नामेंट अमित कुमार को दिया गया इसके पश्चात टूर्नामेंट कमेटी के मेंबर अंबर गुप्ता एसएन शुक्ला अनूप द्विवेदी नीरज,दीपेंद्र,मनीष पांडे पंकज तिवारी विपिन सिंह बालेंद्र सिंह आदि को पुरस्कृत किया गया रेलवे मनोरंजन सदन के सचिव यादें सिंह एवं नीरज राज ने रेलवे प्रीमियर लीग 2024 के सफल आयोजन के लिए सभी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि अगले साल हम इससे अच्छा टूर्नामेंट करने की कोशिश करेंगे उक्त आशय की जानकारी टूर्नामेंट कमेटी के मीडिया प्रभारी पंकज तिवारी द्वारा दी गई।

## भारतीय विद्या भवन्स प्रिज्म स्कूल में गणतंत्र दिवस 2024

सतना।




प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड और भारतीय विद्या भवन्स प्रिज्म स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में 75 वॉं गणतंत्र दिवस विद्यालय परिसर में मनाया गया। उक्त अवसर के मुख्य अतिथि मनीष कुमार सिंह प्रेसींडेट एण्ड हेड टेक्निकल एवं विशिष्ट अतिथि मनीष कुमार सिन्हा,सीनियर वॉइस प्रेंसीडेंट एचआरएम एण्ड कार्पोरेट अफेयर्स प्रिज़्म जॉनसन व विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रहे। शाला के मुख्यद्वार पर मुख्य अतिथि का स्वागत प्राचार्य डॉ.रामानंद गोस्वामी के साथ प्रिज्म सुरक्षा विभाग की ओर से पायलट रामनिवास सिंह एवं मनोज कुमार सोनी,विद्यालय पायलट संयम मिश्रा और अमित शुक्ला कक्षा 10वीं ने किया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण कर किया गया। उपरोक्त जानकारी देते हुये ए.जी.एम. सीएसआर एवं जनसंपर्क देवेन्द्र मिश्रा ने बताया कि ध्वजारोहण के उपरांत शाला के छात्र छात्राओ द्वारा मार्चपास्ट किया गया। मुख्य अतिथि महोदय ने अपने उद्बोधन में शहीदों को स्मरण करते हुए विद्यालय के चहुँमुखी विकास पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा प्रिज्म सीमेंट लिमिटेड की उपलब्धियों व उत्तरोत्तर विकास का उल्लेख किया। कार्यक्रम के अंत में एस.मिश्रा ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन वंदना मिश्रा कक्षा 10वीं,शिरीष शुक्ला कक्षा 9वीं द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## खबर संक्षेप

### सत गुरु कबीर आश्रम शाला रामनगर में हुआ गुरु महाराज की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



**पन्ना।** परम पूज्य श्री श्री 1008 श्री महंत मंगल दास साहब जी की श्रद्धांजलि एवं प्रथम पुण्यतिथि का आयोजन सत गुरु कबीर आश्रम रामनगर में इस उपलक्ष्य में सत गुरु साहब सत्य कबीर के भजन 24 घंटे के भजन की बैठकी दिनांक 26 जनवरी 2024 को की गई ओर शांति दिनांक 27 जनवरी 2024 को और दिनांक 27 जनवरी 2024 को समय 12 बजे से आयोजित किया गया जिसमे समस्त पन्ना जिले के कबीर अनुयायी एवं महाराज जी के भक्तगण उपस्थित रहे। जिसमे सत गुरु कबीर आश्रम रामनगर के अध्यक्ष गया प्रसाद कुशवाहा ओर सचिव श्री जगतराज कुशवाहा और अमित कुशवाहा, जीतेंद्र कुशवाहा एवं समस्त ग्राम वासी समस्त पन्ना,कटनी जिले के अनुययी उपस्थित रहे।

### भारत पर्व में कलाकारों ने दीं आकर्षक प्रस्तुतियां



**पन्ना।** गणतंत्र दिवस की संध्या पर शुक्रवार को स्थानीय टाउन हॉल में संस्कृति विभाग, स्वराज संस्थान, जनसंपर्क संचालनालय एवं जिला प्रशासन द्वारा आयोजित भारत पर्व कार्यक्रम में भारतीय संस्कृति तथा पारंपरिक गीतों की आकर्षक प्रस्तुतियों से उपस्थित दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। भारत पर्व के तहत कलाकारों ने सांस्कृतिक एवं देश भक्ति गीतों के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में देश भक्ति पर आधारित विभिन्न प्रकार की रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई। कलाकारों की प्रस्तुतियों ने पूरे माहौल को देश भक्ति मय बना दिया। छतरपुर के लोक कलाकारों द्वारा बुंदेलखण्ड के राई नृत्य और सागर से आए कलाकारों के दल ने नौरता नृत्य की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष मीना पाण्डेय ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद स्थानीय कलाकारों और छतरपुर एवं सागर से आए कलाकारों के दल द्वारा आकर्षक कला प्रस्तुतियां दी गई। अतिथियों द्वारा कलाकारों का स्वागत व सम्मान भी किया गया। इस मौके पर जिला पंचायत के अतिरिक्त सीईओ अशोक चतुर्वेदी, परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार, सीएमओ शशिकपूर गढ़पाले सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी-कर्मचारी तथा गणमान्य एवं आम नागरिक उपस्थित थे। अतिथियों द्वारा कलाकारों के साथ सामूहिक फोटो भी खिंचवाई गई। संचालन डॉ. विनय श्रीवास्तव ने किया।

### जनसंपर्क विभाग द्वारा टाउन हॉल में लगाई गई छायाचित्र प्रदर्शनी



**पन्ना।** लोकतंत्र के लोक उत्सव भारत पर्व के अवसर पर स्थानीय टाउन हॉल में जिला जनसंपर्क कार्यालय पन्ना द्वारा छायाचित्र प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी में केन्द्र तथा राज्य सरकार की योजनाओं, नीतियों, उपलब्धियों के साथ आगे बढ़ते मध्यप्रदेश के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों को प्रदर्शित किया गया था। छायाचित्र प्रदर्शनी में केन्द्र एवं राज्य सरकार के कानूनों की जानकारी भी दी गई। प्रदर्शनी को भारत पर्व कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों सहित अन्य लोगों ने भी देखा और सराहा। साथ ही स्कूली बच्चों, शिक्षकों, गणमान्य एवं आम नागरिकों और पत्रकारगण ने भी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से मुख्यमंत्री कन्या विवाह व निकाह योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, उच्च शिक्षा में आधुनिक नवाचार, मुख्यमंत्री आपके ग्राम योजना, पीएम स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना, स्वामित्व योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, जल जीवन मिशन इत्यादि के बारे में जानकारी दी गई थी।

# लक्ष्य एवं अलोक संघ के सौजन्य से निःशुल्क कोचिंग का शुभारंभ







**शैक्षणिक जागरूकता कार्यक्रम के तहत सम्पन्न हुआ**

शैक्षणिक जागरूकता कार्यक्रम के तहत 28 जनवरी 2024 को लक्ष्य एवं अलोक संघ के सौंजन्य से एक शिक्षा जागरूकता कार्यक्रम के तहत अजयगढ़ क्षेत्र के मेहदी पुरवा में निःशुल्क कोचिंग का शुभारंभ किया गया।

**पन्ना।**

कार्यक्रम की अध्यक्षता नन्दपाल सिंह विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री राम लोधी टीटीई जामू बांदा एवं विशिष्ट अतिथि बाला प्रसाद लोधी रामशिरोमणि लोधी सरपंच तथा चन्द्रपाल सिंह पीडब्ल्यूडी ने किया। शैक्षणिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन मेहदीपुरवा निवासी शिक्षक नन्दकिशोर लोधी के अथक प्रयासों से किया गया। लक्ष्य कोचिंग का शुभारंभ के मुख्य अतिथ एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा फीता काटते हुए स्वामी व्रम्हानन्द जी एवं मां सरस्वती जी पुजा अर्चना करते हुए निःशुल्क कोचिंग शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि द्वारा श्री रामलोधी टीटी द्वारा संबोधित करते हुये कहा कि समाज में व्याप्त कुरीतियों को त्याग कर शिक्षा की ओर अग्रसर होने की बात कही गई। वहीं उपस्थित अतिथयों द्वारा विशेषकर शिक्षा पर जोर देते हुए अखण्डवाद एवं ईष्या द्धवेश दूर करते हुये शिक्षा की अलग अलख जागाने की बात कहीं गई। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता करने वाले नन्दपाल जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज की मातृ शक्ति आगे आकर शिक्षा को बढ़ाने के लिये परिवार की सशक्त इकाई के रूप में कार्य करें जिससे शिक्षा का उजयारा घर-घर में फैले। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय युवा लोधी समाज के अध्यक्ष श्री चन्द्रशेखर सिंह लोधी द्वारा किया गया। सभी छात्र-छात्राओं को कॉपी-पेन सहित सामग्री वितरित की गई। साथ ही राजेश सिंह लोधी द्वारा बच्चो को नवोदय की तैयारी के लिए एक गाईड कोचिंग में अध्यनरत छात्रों के लिए प्रदान की गई। वहीं चन्द्रपाल सिंह लोधी ने अपने उद्बोधन में शिक्षा पर जोर देते हुए शिक्षा सुधार हेतु भविष्य में मील का पत्थर साबित होने के लिए लक्ष्य टीम को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रमेश प्रसाद सिंह शिक्षक, जानकी प्रसाद लोधी सरपंच, रमेश लोधी, रामसिंह लोधी, राजेश कुमार लोधी शिक्षक, रमेश कुमार लोधी, रामखिलावन सिंह शिक्षक, काशी प्रसाद सिंह शिक्षक, लखन सिंह, पवरशुराम लोध, कमलेश लोध, रामदीन लोध, श्रीपाल लोध, महेन्द्र सिंह, राजाराम सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं खजुराहो सांसद पत्रकारों से चर्चा करते हुये कांग्रेस को लिया आड़े हाथ

**कांग्रेस परिवार वाद और तुष्टिकरण की करती है राजनीति**

**पन्ना।**



पन्ना प्रवास के दौरान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं खजुराहो सांसद ने सांसद कार्यालय में दिनांक 28 जनवरी को पत्रकारों से चर्चा करते हुये उन्होंने कांग्रेस को जमकर निशाना साधा उन्होंने कहा कि कांग्रेस परिवारवाद और तुरूिष्टकरण की राजनीति करती है। उन्होंने कहा कि एक तरफ बंटाधार का परिवार है और दूसरी तरफ करप्सननाथ का परिवार कांग्रेस केवल परिवारवाद में फसी हुई है। जहां पूरा देश भगवान राम की आराधना में लगा रहा वहीं कांग्रेस इसका विरोध करती रही उन्होंने कांग्रेस नवनिर्वाचित प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी पर निशाना साधते हुये कहा कि वह क्या कर लेंगे वह खुद ही विधायक का चुनाव हार गये है। सांसाद महोदय द्वारा उत्तर वन मण्डल के लघु वनोपज सकरिया आंवला त्रिफला के वन कर्मियों से रूबरू होते हुये सकरिया में बनाये जाने वाले उत्पादों का अवलोकन किया, वनकर्मियों ने सांसद जी को पन्ना के उत्पाद भेंट किये सकरिया त्रिफला आंवला के संचालक राजीव द्विवेदी ने आंवला से बने मुरब्बे आंवला केंडी, एवं आंवले के गुड एवं शक्कर से बने लड्डू सहित आंवला जूस, आंवला अचार, आवंला सुपारी, भेंट की। सांसद जी ने भेंट स्वीकार करते हुये कर्मचारियों को धन्यवाद दिया और आंवले की पहचान दिलाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर गुनौर विधानसभा के विधायक डॉ0 राजेश वर्मा भी उपस्थित रहे।

# पन्ना पुलिस द्वारा नाबालिक बालिका को दस्तयाब कर किया गया परिजनों के सुपुर्द

**बालिका को वापस पाकर परिजनों के चेहरे पर लौटी मुस्कान**

**पन्ना।**



जिले के थाना शाहनगर मे दिनांक 25.01.24 को फरियादी द्वारा रिपोर्ट की गई की उसकी नाबालिक लडकी को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसला कर भगा ले गया है । फरियादी की रिपोर्ट पर थाना शाहनगर मे अप.क्र. 23/24 धारा 363 भादवि का अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया। पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही दृ पुलिस मुख्यालय द्वारा अपहृत बालक/बालिकओं की दस्तयाबी हेतु चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साईं कृष्ण एस.थोटा द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारी/चौकी प्रभारियों को अपहृत बालक/बालिकओं की अधिक से अधिक दस्तयाबी हेतु निर्देशित किया गया है इसी तारतम्य मे थाना शाहनगर के अपराध क्रमांक 23/24 धारा 363 भादवि मे थाना प्रभारी शाहनगर सुयश पाण्डेय द्वारा बालिका के अपहृत होने की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई, जिस पर पुलिस अधीक्षक महोदय पन्ना के निर्देशन पर ,अतरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती आरती सिंह एवं एस0डी0ओ0पी0 पवई सौरभ रत्नाकर के मार्गदर्शन मे व थाना प्रभारी शाहनगर सुय़श पाण्डेय के नेतृत्व टीम गठित की गई । उक्त पुलिस टीम द्वारा अपहृता की दस्तयावी हेतु प्रयास किये गये जिस पर मुखविर सूचना व सायबर टीम के सहयोग से अपहृता को दिनांक 27/01/24 को ग्राम घांगरी थाना कुठला जिला कटनी से दुस्तयाब कर विधिवत कार्यवाही कर परिजनो के सुपुर्द किया गया।

**सराहनीय योगदान -** उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी शाहनगर सुयश पाण्डेय,उनि मेघा मिश्रा,साइबर सेल से प्रभारी उनि अनिल राजपूत,संतोष मसराम, प्र आर.ईदुल बक्श ,जयपाल, आर. बृजेंद्र पायक,नितेश असाटी, महिला आर. रश्मि, रविता, सैनिक छोटेलाल, दिनेश साहू व सायबर सेल टीम का सराहनीय योगदान रहा ।

# क्रिकेट टूर्नामेंट में फाइनल मैच का विजेता बना मोहित एलेवन अमानगंज





**अमानगंज।**

श्री राम खेल मैदान हिनौती में 14 जनवरी से हिनौती प्रीमियर लीग की शुरुआत हुई जिसमे 16 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मैच आज 28 जनवरी 24 को गुनौर बनाम मोहित इलेवन अमानगंज के बीच हुआ। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए गुंनौर ने सभी विकेट खोकर कुल 95 रन बनाये. मोहित 11 की तरफ से लकी राजा एवं उद्देश्य लाड़िया ने 3-3 विकेट लिये। 96 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मोहित इलेवन अमानगंज ने लकी सिंह के नाबाद 68 रन (41 गेंद पर 9 चौके एवं 4 छक्के ) एवं जयराज के नाबाद 24 रन (3छक्के ) की उपयोगी परियों की बदौलत 14 ओवर में दो विकेट खोकर 99 रन बनाकर टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। लकी राजा 3 विकेट और नाबाद 68 रन बनाने पर मैन ऑफ़ द मैच घोषित किये गए. एवं टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाडी भी लकी राजा ही रहे. इस क्रिकेट टूर्नामेंट फाइनल मैच के मुख्य अतिथि रहे भारतीय जनता पार्टी के नेता पूर्व जिला अध्यक्ष सदानंद गौतम ने अपने उद्बोधन में कहा कि खिलाड़ी जज्बा और जुनून बनाए रखें उन्हें आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता तथा खेल के साथ-साथ पढ़ाई पर भी ध्यान दें। इस क्रिकेट टूर्नामेंट के मुख्य संचालक जीतू रेले की सभी अतिथियों ने एवं जनता जनार्दन ने तारीफ की और तालियां बजाई क्योंकि जीतू रेल हर वर्ष इसी तरह के टूर्नामेंट करवाते हैं खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हैं। आज के टूर्नामेंट में मुख्य रूप से मुख्य अतिथि श्री सतानन्द गौतम. (प्रदेश कार्यकारिणी समिति सदस्य ) बृजेंद्र मिश्रा भाजपा नेता पत्रकार शिव कुमार त्रिपाठी, प्रेम नारायण शर्मा जी पत्रकार, राजदीप गोस्वामी (पत्रकार), टूर्नामेंट के संचालक जीतू रेले, सौरभ दुबे उपाध्यक्ष नगर परिषद, वरुण पाठक टूर्नामेंट की कमेंट्री जुगल तिवारी ललित सिंह ठाकुर एवं विनय दहायत ने की।

# *पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय पन्ना के बच्चों ने किया शैक्षणिक भ्रमण*

**पन्ना।**



आज पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय पन्ना द्वारा बच्चों के शैक्षणिक विकास हेतु शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य अमित दाहिया द्वारा बस को हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस शैक्षणिक भ्रमण में विद्यालय के कक्षा नवमीं से लेकर बारहवीं तक के कुल के 200 विद्यार्थियों को खजुराहो स्थित जैन मंदिर तथा सांस्कृतिक गाँव आदिवर्त जनजातीय एवं लोककला राज्य संग्रहालय के भ्रमण के लिए ले जाया गया। जनजातीय संग्रहालय आदिवर्त को आदिवासी, जनजातीय संस्कृति, रहन-सहन, सभ्यता और कला से पर्यटकों को परिचित कराने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। भोपाल और उज्जैन के बाद यह मध्य प्रदेश में तीसरा जनजाति संग्रहालय है, जहाँ बच्चों ने बड़े उत्साहपूर्वक वहाँ के चित्रों, ग्रामीण जनजातीय जीवन मे उपभोग की जाने वाली वस्तुओं को बड़े ही उत्सुकतापूर्वक देखा तथा गाइड से विस्तृत जानकारी भी प्राप्त की। गाइड ने छात्रों को बताया कि मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल खजुराहो एक ओर जहां देशी विदेशी पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र है तो दूसरी ओर यहां एक ऐसा आदिवासी गांव बसाया गया है जहां सात जनजातियों की संस्कृति झलकती है, इसको जनजातीय संग्रहालय 'आदिवर्त' के नाम से जाना जाता है। इस संग्रहालय को आदिवासी, जनजातीय संस्कृति, रहन-सहन, सभ्यता और कला से पर्यटकों को परिचित कराने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। इस पूरे शैक्षणिक भ्रमण के कार्यक्रम में बच्चों ने गंभीरतापूर्वक हिस्सा लिया। इस शैक्षणिक भ्रमण से छात्रों को जनजातीय जीवन तथा जैन मन्दिरों से संबंधित जानकारी में वृद्धि होगी, जो उनके सामाजिक तथा मानसिक विकास में सहायता प्रदान करेगा। इस कार्यक्रम का नेतृत्व विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक विद्याचरण चौरसिया के द्वारा किया गया।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका की अंतिम चयन सूची जारी

**पन्ना।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिला स्तरीय दावा-आपत्ति निराकरण समिति की गत 23 जनवरी को संपन्न बैठक के अनुमोदन अनुसार आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के चार और आंगनबाड़ी सहायिका के पांच पद पर भर्ती के लिए अंतिम चयन सूची जारी की गई है। गुनौर परियोजना कार्यालय अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र भमरहा में कार्यकर्ता पद पर वर्षा वर्मा एवं आंगनबाड़ी केन्द्र सलेहा में कार्यकर्ता पद पर प्राची सोनी का अंतिम रूप से चयन किया गया है। इसी तरह पवई परियोजना कार्यालय अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र लुधनी में कार्यकर्ता पद पर संगीता बाई और आंगनबाड़ी केन्द्र गढ़ीकरहिया में कार्यकर्ता पद पर रजनी कुर्मी अंतिम रूप से चयनित हुई हैं। आंगनबाड़ी सहायिका के पद के लिए अजयगढ़ परियोजना कार्यालय अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र तरौनी में आशा प्रजापति, गुनौर परियोजना कार्यालय अंतर्गत वार्ड क्रमांक 08 स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र के लिए रजनी प्रजापति, पवई परियोजना कार्यालय अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र सुनवानी के लिए संजना पटेल, आंगनबाड़ी केन्द्र इटाय के लिए प्रीति कुशवाहा और आंगनबाड़ी केन्द्र छिर्रहा के लिए खुशबू सिंह का अंतिम रूप से चयन हुआ है।

# दादा-दादी एवं नाना-नानी दिवस मनाया गया

**पन्ना।**





पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय पन्ना में आज दादा-दादी एवं नाना-नानी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्राथमिक विभाग की गतिविधि में दादा-दादी व नाना-नानी का भव्य स्वागत बच्चों द्वारा बनाए गए फूल देकर व स्वागत गीत गाकर किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूजा दाहिया, रामेश्वर कुमार खरे और तुलसा बाई चौरसिया ने माँ सरस्वती के पूजन से कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके पश्चात पहली व दूसरी कक्षा के बच्चों के द्वारा कविता गायन किया गया व तीसरी से पाँचवी के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। मंच का संचालन नेहा जैन व दीपेश दीक्षित ने किया। दादा-दादी व नाना-नानी के लिए विभिन्न तरह की खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य अमित दाहिया ने दादा-दादी व नाना-नानी का धन्यवाद ज्ञापन किया। प्राचार्य द्वारा जीवन में दादा-दादी व नाना-नानी के महत्व पर प्रकाश डाला गया। अंत में विजेता रहे प्रतिभागियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। उपर्युक्त गतिविधियों के माध्यम से विद्यालय के बच्चों में दादा-दादी व नाना-नानी के प्रति प्रेम व सम्मान की भावना को जगाने का प्रयास किया गया।

# यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने बस स्टैंड पर हटाया गया अतिक्रमण

### प्रशासन, पुलिस और नगर पालिका की संयुक्त टीम ने की कार्यवाही

छतरपुर।

शहर के सबसे व्यस्ततम क्षेत्र बस स्टैंड पर रविवार को जिला प्रशासन, नगर पालिका और पुलिस की संयुक्त टीम ने अतिक्रमण हटाने की मुहिम चलाई।




जिन दुकानदारों ने अपने प्रतिष्ठानों के बाहर अवैध तरीके से अतिक्रमण किया था उसे हटाया गया साथ ही अवैध ढंग से संचालित हो रही गुमटियों के खिलाफ चालानी कार्यवाही करते हुए उन्हें हटाया गया है। कुछ दुकानदारों को एक सप्ताह का समय देकर स्वतः अतिक्रमण हटाने का चेतावनी भी दी गई है।

एसडीएम बलवीर रमण ने बताया कि कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देशन में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जा रही है। आज बस स्टैंड पर दुकानदारों द्वारा अपने प्रतिष्ठानों के बाहर किए गए अतिक्रमण को बुल्डोजर से हटवाया गया है, साथ ही अतिक्रमणकारियों को सख्त हिदायत दी गई है। कुछ दुकानदारों को एक सप्ताह का समय देकर स्वतः अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए हैं। अगर वे निर्धारित समयाविध में अतिक्रमण नहीं हटाएंगे तो फिर अगले सप्ताह उनका अतिक्रमण सख्ती से हटाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके अलावा महोबा रोड पर किए गए अतिक्रमण को भी हटाया जाएगा। इसके अलावा बस स्टैंड परिसर में अवैध ढंग से दुकानें संचालित करने वाले दुकानों को भी हटवाया गया है। कार्यवाही के दौरान मौके पर मौजूद सीएसपी अमन मिश्रा ने बताया कि बस स्टैंड पर जो वाहन बेतरतीब ढंग से खड़े हो रहे हैं उनके विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश यातायात पुलिस को दिए गए हैं। इस मौके पर तहसीलदार रंजना यादव, यातायात प्रभारी दलबीर सिंह मार्को सहित नगर पालिका का अमला मौजूद रहा।

## खबर संक्षेप

### गरीब बच्चों के साथ मनाया गणतंत्र दिवस



**छतरपुर।** समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे खुशी सोशल वेलफेयर फाउंडेशन के सदस्यों ने गत रोज राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस शहर की गरीब बस्ती पहुंचकर यहां के बच्चों के साथ मनाया। इस मौके पर ध्वजारोहण के बाद बच्चों में मिष्ठान का वितरण किया गया, साथ ही बच्चों को गणतंत्र दिवस के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस मौके पर फाउंडेशन की सदस्य दिव्या दुबे, पिंकी यादव, शालू सेन, प्रभा गोस्वामी, वर्षा चौरसिया, निकेता दुबे, नेहा वाल्मीक, सबनम राजा परमार, जान्या चौरसिया सहित फाउंडेशन की अध्यक्ष खुशबू दुबे मौजूद रहीं।

### कोर्ट मोहर्रिर का एकदिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न



**छतरपुर।** पुलिस मुख्यालय के निर्देश एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में रविवार को पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह, जिला अभियोजन अधिकारी प्रवेश अहिरवार एवं एडीपीओ केके गौतम द्वारा सभी कोर्ट मोहर्रिर को दिशा-निर्देश दिए गए। एक दिवसीय प्रशिक्षण में सभी दस्तावेजों अभिलेखों का संधारण सुनिश्चित करने के साथ ही सम्मन, वारंट की तामीली में हो रहे अनावश्यक विलंब एवं उनके शीघ्र तामीली के संबंध में आ रही कठनाइयों के संबंध में चर्चा की गई। वांछित जानकारी एवं मासिक नक्शे समय पर भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया। प्रशिक्षण में विशेष तौर पर आदतन अपराधियों जो जमानत पर जमानत शर्तों का उल्लंघन कर निरंतर अपराधों में एवं प्रतिबंधित कार्यवाहियों में लिप्त रहते हैं, ऐसे आदतन अपराधियों की जमानत निरस्तीकरण प्रक्रिया हेतु भी प्रशिक्षण में अधिकारियों द्वारा दिशा निर्देश दिए गए।

### आपस में भिड़ीं दो बाईक, 2 युवक घायल

**छतरपुर।** बमीठा थाना अंतर्गत आने वाली चंद्रनगर चौकी क्षेत्र में छतरपुर-पन्ना मार्ग पर रविवार को हुई सड़क दुर्घटना में दो लोग घायल हुए हैं। घायलों को चंद्रनगर स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया था लेकिन अस्पताल में स्टाफ न होने के कारण एंबुलेंस की मदद से दोनों को जिला चिकित्सालय भेजा गया। राहगीर अखिलेश तिवारी के मुताबिक दोनों घायल ग्राम बमनौरा के रहने वाले हैं जो बाईक से पन्ना की ओर जा रहे थे। इसी दौरान चंद्रनगर के समीप सामने से तेज रफ्तार में आ रही दूसरी बाईक से उनकी टक्कर हो गई। चंद्रनगर के अस्पताल में घायलों को इलाज न मिलने को लेकर चंद्रनगर निवासी नरेंद्र पाठक व श्यामजी गुप्ता ने कहा कि चंद्रनगर स्वास्थ्य केंद्र में लंबे समय से कोई डॉक्टर न होने के कारण लोगों को इसी तरह से परेशान होना पड़ता है।

### युवकों को जय श्रीराम का नारा लगाना पड़ा भारी

**अनूपपुर।** कोतमा थाना क्षेत्र में शनिवार जय श्रीराम के नारे लगाते हुए रास्ते से जा रहे युवकों का रास्ता रोक कर समाज विशेष के लोगों द्वारा मारपीट करने की शिकायत पर रविवार को कोतमा थाने में सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं वहीं कोतमा थाना प्रभारी के अनुसार इसमें नाबालिगों की संख्या की जानकारी मामले की जांच के बाद पता चलेगा। फरियादी नवीन दीवान ने बताया कि शनिवार को अपने दोस्त अजय सिंह, ओम गुप्ता, कृष्णा चौबे, ऋषभ सोनी के साथ स्कूल का वार्षिक उत्सव देखकर लौट रहे था। तभी हारून के टाल के पास रास्ते में समाज विशेष के शोहराब अरसफी, सिफान मंसूरी, फरहान मंसूरी, मोहम्मद आसिक, अयान खान, एकलाक अरसफी एवं ताहा खान ने जय श्रीराम के नारे लगाने पर रास्ते में रोककर अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए मारपीट किया।




## पिपट में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ समापन, टूर्नामेंट में पठानिया टीम रही विजेता

विजावर।

पिपट गांव में कई दिनों से चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ समापन। मुख्यातिथि राकेश सिंह बिजावर, साथी पत्रकार हुए सम्मिलित। जानकारी के अनुसार इस क्रिकेट टूर्नामेंट में 16 टीमो ने भाग लिया। जिसमे फाइनल मैच विजावर की पठानिया टीम औऱ पिपट टीम के बीच हुआ। जिसमे पिपट टीम के कप्तान सचिन चौरसिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज करने का निर्णय लिया। पिपट टीम 123 रनों पर ऑल आउट हो गई, तो वहीं लक्ष्य का पीछा करते हुए पठानिया टीम ने 7 विकेट पर खेलते हुए 15 ओवर 1 गेंद में मैच जीत लिया। समापन में आये मुख्यातिथि पत्रकार राकेश सिंह,अनिल विष्वकर्मा, राकेश चौरसिया, बालमुकुंद चौरसिया ने विजेता कप्तान सलमान खान, उपविजेता टीम के कप्तान सचिन चौरसिया को ट्राफी नगद राशि देकर सम्मानित किया। मैन ऑफ दा सीरीज सुनील सिंह, मेन ओफ द मैच सफीक खान को दिया गया।

## पीड़ित महिला का आरोप : चरित्र संदेह के चलते युवक ने पत्नी को बंधक बनाकर पीटा



### थाने में हुई शिकायत, पीड़ित महिला जिला अस्पताल में भर्ती

छतरपुर।

जिले के गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम श्यामरा से एक व्यक्ति द्वारा चरित्र संदेह के चलते अपनी ही पत्नी को बंधक बनाकर बेरहमी से मारपीट किए जाने की घटना सामने आई है। घायल महिला को उसकी मां छतरपुर जिला अस्पताल लाई, जहां उसका इलाज किया जा रहा है।

पीड़ित महिला संपत अहिरवार ने बताया कि करीब 10 पूर्व उसका विवाह टीकमगढ़ जिले में हुआ था और शादी के कुछ समय बाद ही उसके पति ने उसे छोड़ दिया था। पहली शादी से संपत को एक बेटी भी थी। इसके बाद करीब 9 माह पूर्व उसके माता-पिता ने गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र के ग्राम श्यामरा निवासी 32 वर्षीय अशोक अहिरवार के साथ उसका पुर्नविवाह कराया था। संपत के मुताबिक शादी के बाद से ही उसका पति उसके ऊपर शक करता था। बीते रोज जब वह नित्यक्रिया के लिए गई और कुछ देर में वापिस लौटी तो उसके पति अशोक ने उसे कमरे में बंद कर लिया और इसके बाद पूरी रात उसके साथ डंडे और लात-घूंसों से मारपीट की। संपत के मुताबिक उसके पति अशोक को उसके ऊपर चरित्र संदेह है, जिसके चलते उसने मारपीट की है। सुबह के वक्त संपत ने पूरी घटना अपनी मां को बताई जिसके बाद मां उसे लेकर गढ़ीमलहरा थाने गई। थाने में रिपोर्ट लिखाने के बाद संपत को जिला अस्पताल लाया गया, जहां उसका इलाज जारी है।

### अज्ञात कारणों से छात्र ने खाया जहर, बाल-बाल बची जान

**छतरपुर।** बिजावर क्षेत्र के ग्राम शाहगढ़ निवासी एक छात्र ने अज्ञात कारणों के चलते जहर खा लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। छात्र को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया है, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है।



शाहगढ़ निवासी जगन यादव ने बताया कि उसका पुत्र अनिल यादव कॉलेज की पढ़ाई कर रहा है। बीते रोज जब घर पर कोई नहीं था तब अनिल ने अज्ञात कारणों से जहर का सेवन कर लिया। जैसे ही जगन को इस बारे में जानकारी लगी वह आनन-फानन में अनिल को लेकर बिजावर अस्पताल पहुंचा, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद छात्र को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। फिलहाल जिला अस्पताल में छात्र का इलाज किया जा रहा है।



## अमरकंटक के रामघाट में प्रारंभ हुआ निःशुल्क नर्मदा भोग

अमरकंटक।

मां नर्मदा जी के प्रथम घाट रामघाट तीर्थराज पवित्र नगरी अमरकंटक उत्तर तट में सभी परिक्रमा वासी तीर्थयात्री एवं श्रद्धालुओं के लिए प्रतिदिन निःशुल्क मां नर्मदा भोग वितरण प्रारंभ किया गया। जो भी श्रद्धालु परिक्रमा वासी तीर्थयात्री अमरकंटक मां नर्मदा जी के दर्शन के लिए आए वह रामघाट पर आकर निःशुल्क मां नर्मदा जी का प्रसाद ग्रहण कर सकते हैं। यह प्रसाद प्रतिदिन सुबह 10 बजे से सायं 4 बजे तक रामघाट पवित्र नगरी अमरकंटक में वितरण होगा। सत्प्रेरणा मां नर्मदा जी पूज्य गुरुदेव सीताराम महाराज चक्रतीर्थ अमरकंटक पूज्य हिमाद्रि मुनि महाराज श्री कल्याण सेवा आश्रम अमरकंटक पूज्य हरिहरानंद महाराज मृत्युंजय आश्रम अमरकंटक पूज्य रामभूषण महाराज शांति कुटी आश्रम अमरकंटक वन्दे महाराज प्रधान पुजारी मां नर्मदा मंदिर अमरकंटक सुदर्शन महाराज प्रधान पुजारी मां वैष्णो देवी मंदिर कटरा जम्मू कश्मीर धीरज पांडे प्रधान पुजारी मां शारदा मंदिर मैहर सहयोग विक्की द्विवेदी सांसद प्रतिनिधि अमरकंटक राजेश बर्मन अमित साहू अमरकंटक आयोजक पं आकाश द्विवेदी शुक्ल यजुर्वेद कर्मकांड ज्योतिष दिव्यानी मां नर्मदा महाआरती रामघाट तीर्थराज पवित्र नगरी अमरकंटक होंगे।

### डीवीएम पब्लिक स्कूल में मनाया गया 75वां गणतंत्र दिवस



**अनूपपुर।** में 75वां गणतंत्र दिवस बड़े धूमधाम से स्कूल प्रांगण में मनाया गया ध्वजारोहण विद्यालय की क्षेत्रीय निदेशक श्रीमती सुशीला कुलवंत ने किया विद्यालय में सभी अभिभावक बच्चों अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम की सुंदरता बढ़ाई बच्चों को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया सभी छात्र-छात्राएं शिक्षक -शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## खाकी वर्दी की सरपरस्ती में बेलगाम हुये अपराधी






### अंधेर नगरी चौपट राजा की कहावत हो रही चरितार्थ, शिक्षा का मंदिर भी नहीं अछूता

### कानून व्यवस्था को लेकर राज्यमंत्री को गहन मंथन की जरूरत

कोतमा।

नगर में कानून व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो गई है। नगर में खुलेआम कबाड़ के व्यवसाय संचालित हो रहे हैं। नगर में आए दिन लोगों के घरों के ताले टूट रहे हैं ठगी हो रही है लूट की घटनाएं भी आए दिन घटित हो रही है। जिले के हालात यह है कि अंधेर नगरी चौपट राजा की कहावत चरितार्थ हो रही है। आम नागरिकों का तो कोतमा पुलिस से भरोसा ही उठने लगा है। वर्तमान में लोग अपने आप को अब सुरक्षित महसूस करने लगे हैं जिस तरह से हालात हैं वैसे में मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार एवं कोतमा विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिलीप जायसवाल को मंथन करते हुए जिले जिले की कानून व्यवस्था को लेकर आम नागरिकों एवं अधिकारियों की बैठक करते हुए कोतमा क्षेत्र में बिगड़ रही कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने की पहल करनी चाहिए। वर्तमान में हालात यह है कि लोग अब अपने घरों को छोड़कर कहीं नहीं जाना चाहते हैं उन्हें यह डर सता रहा है कि यदि हम घर छोड़कर कहीं बाहर जाएंगे तो कहीं चोर चोरी ना कर ले। कोतमा पुलिस पूर्व की चोरियों का खुलासा नहीं कर पाई है कि फिर कोई ना कोई चोरी की घटना घटित हो जाती है और पुलिस लिखित में शिकायत लेकर जांच करने की बात कहती है। जबकि प्रदेश के मुखिया डॉक्टर मोहन यादव के द्वारा सभी पुलिस के संभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश देखते हुए कहा है कि थाना क्षेत्र में यदि कानून व्यवस्था बिगड़ती है तो उन्हें उसे थाना के बाल को तत्काल ही बदलते हुए कानून व्यवस्था दुरुस्त करें थाना क्षेत्र में अवैध शराब कबाड़ के व्यवसायों पर अंकुश लगाने की बात कही है, लेकिन कोतमा नगर में ठीक उल्टा ही देखने को मिल रहा है यहां अपराधियों का हौसला बुलंद है आम नागरिकों की हालत पस्त है।

### मंदिरों को भी नहीं बख्श रहे चोर

नगर के वार्ड क्रमांक 1 में स्थित ग्रीन वैली में नवनिर्मित आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में बुधवार गुरुवार की दरमियानी रात अज्ञात चोरों के द्वारा स्टोर के कमरे की दीवार तोड़कर उसमें लगे टुल्लू पंप, गैती, फावड़ा, पांच बोरी सीमेंट चोरी कर ले गए। गुरुवार की सुबह जब नरेंद्र जैन को जानकारी लगी तो उन्होंने जाकर देखा कि स्टोर की दीवार में सेंड मेरी करते हुए अज्ञात चोरों ने उसमें रखे सामानों को चोरी कर लिया है जिसकी लिखित शिकायत उनके द्वारा गुरुवार को कोतमा थाने में की गई लेकिन पुलिस लिखित शिकायत लेते हुए जांच करने की बात कह रही है।

### शिक्षा के मंदिर में भी चोरी

बुधवार गुरुवार की दरमियानी रात नगर के वार्ड क्रमांक 2 में बने विवेक शिक्षा निकेतन स्कूल में अज्ञात चोरों ने स्कूल की दीवार बांधकर ऑफिस का ताला तोड़ते हुए दराज में रखें लगभग 2700 रुपए की चोरी कर ले गए। गुरुवार की सुबह जब विद्यालय में शिक्षा का है और आप ही में जाकर देखा कि वहां का ताला टूटा हुआ है दराज भी खुला पड़ा है दराज में 2700 रुपए रखे थे वह पैसे नहीं थे जिसकी शिकायत स्कूल प्रबंधन के द्वारा की गई है। इसी तरह वार्ड क्रमांक एक शारदा काली मंदिर के पास शिक्षा का मंदिर सातमन्यु विद्यालय में भी अज्ञात चोरों के द्वारा विद्यालय के कमरे के दरवाजे का ताला तोड़कर कमरे के अंदर रखी अलमारी का ताला तोड़ा और विद्यालय में रखे दीवाल घड़ी टंकी बाल्टी की चोरी कर ले गए। गुरुवार की सुबह जब विद्यालय के शिक्षक स्कूल खोलने आए तो देखें कि विद्यालय के कमरे का ताला टूटा हुआ है कमरे के अंदर रखी टंकी बाल्टी एवं दीवाल घड़ी चोरी हो गई है जिसकी भी शिकायत विद्यालय प्रबंधन के द्वारा थाने में की गई है।

### शिकायत जिन पर कार्यवाही सिफर

26 दिसंबर को नगर के वार्ड क्रमांक एक निवासी आयुष खटोड़ ने थाने में शिकायत दर्ज करवाई थी कि उसके घर के सामने खड़ी बुलेट मोटरसाइकिल अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर लिया गया है उसने पुलिस को सीसी फुटेज भी उपलब्ध करवाया था। इसी तरह 11 जनवरी की रात नगर के बीच बाजार गांधी चौक के पास से कैलाश गोयल की दो पहिया प्लेटीना मोटरसाइकिल रात्रि में घर के सामने खड़ी थी अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया जिसकी शिकायत उसके द्वारा थाने में की गई थी। इसी तरह आजाद चौक के पास कपड़े की दुकान के सामने से मुडधोवा गांव निवासी की दो पहिया मोटरसाइकिल शाम 6 बजे चोरी हो गई थी जिसकी भी लिखित शिकायत थाने में की गई थी लेकिन आज तक पुलिस उन चोरिया का भी खुलासा कर पाने में नाकाम साबित हुई। इसी तरह एक दर्जन से ज्यादा चोरियों का खुलासा पुलिस अभी तक नहीं कर पाई। आजाद चौक के पास से दिनदहाड़े किराना व्यवसायी फूलचंद अग्रवाल से 30000 की ठगी करते हुए ठगी की घटना घटित हुई थी। आए दिन नगर में हो रही चोरियों को लेकर नागरिकों ने संभाग के पुलिस अधिकारियों से कार्यवाही करवाते हुए चोरी का पर्दाफाश करवाने की बात कही है।

## नर्मदा के तट बेलघाट में आयोजित हुआ

अनूपपुर।

जिले के राजेंद्रग्राम वन परिक्षेत्र के बेलघाट मे खाटी विद्यालय की 130 छात्रा-छात्राओं की उपस्थिति में अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि की आसंदी से संबोधित करते हुए पुष्पराजगढ़ विधानसभा के विधायक फुन्देलाल सिंह मार्को ने कहा कि हम सभी को पर्यावरण के संरक्षण हेतु अपने-अपने जन्म दिवस के अवसर पर एक-एक पेड़ लगाते हुए मांता-पिता द्वारा किए जा रहे हमारे लालन-पालन की तरह लालन-पालन करना चाहिए यदि वृक्ष रहेंगे तो हम सभी जीवित रहेंगे अन्यथा बड़े-बड़े शहरों की तरह हमें भी प्राकृतिक ऑक्सीजन की जगह ऑक्सीजन खरीद कर उपयोग कर जीवित रहना पड़ सकता है। कार्यक्रम में जिला पंचायत अनूपपुर निर्माण समिति सभापति भुवनेश्वरी देवी ने कहा कि हम सभी को कड़ी मेहनत एवं लगन के साथ आगे बढ़ना चाहिए ताकि हमारा भविष्य सुनहरा हो सके, अनूपपुर वन मंडलाधिकारी एस,के,प्रजापति ने कहा कि हमारे जंगल की शान हमारा टाइगर यानी बाघ है जो एक छाते की तरह वनों एवं वन्यप्राणियों का संरक्षण करता है उन्होंने वन विभाग में पदस्थ अधिकारी कर्मचारी के संबंध में जानकारी देते हुए पदों के दायित्वो के संबंध में बच्चों को अवगत कराया।

## खबर संक्षेप




### महापौर ने 50 लाख के निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन

रीवा। नगर निगम महापौर अजय मिश्रा बाबा द्वारा जनता की मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए लगातार शहर में विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में महापौर द्वारा रविवार को 50 लाख रुपए के विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन वार्ड के वरिष्ठ नागरिकों से कराया गया। वार्ड क्रमांक 41 में आरसीसी सड़क एवं नाली निर्माण का भूमिपूजन वरिष्ठ नागरिक महेश अस्थानी द्वारा किया गया। जिसकी लागत 34 लाख रुपए है, जिससे बिछिया से मौलाना राव के घर तक सड़क व नाली का निर्माण किया जाएगा। इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 39 में स्थानीय लोगो की सुविधा के लिए बिछिया नदी में घाट निर्माण का भूमिपूजन महापौर की उपस्थिति में वरिष्ठ नागरिक अतिउल्लाह खान द्वारा किया गया। बताया गया कि 16 लाख की लागत से यह निर्माण होगा। भूमिपूजन के दौरान महापौर अजय मिश्रा बाबा ने कहा कि इन निर्माण कार्यों से जनता को राहत मिलेगी, जनता को मूलभूत सुविधाएं दी जा रही हैं। वार्डो में स्थिति सुधरी है लेकिन अभी बहुत कार्य बाकी है। जनता मलूभूत सुविधाओं न मिलने से परेशान है। उन्होंने कहा कि यह जो निर्माण कार्य हो रहे हैं वह जनता के की मांग के अनुसार ही हो रहे हैं। जहां समस्याएं हैं व राहत देने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान एमआईसी सदस्य आरती बक्सरिया, पार्षद सूफिया सहफूज खान, पूर्व पार्षद गुले अहमद, सोहन सिंह सहित कार्यपालन यंत्री एसएल दहायत, सहायक यंत्री संतोष पांडेय, उपयंत्री सुनील मिश्रा सहित स्थानीय रहवासी हमजा खान, अतिउल्लाह खान, मजीद खान, इस्लाम खान, आबाद खान, अनिल मिश्रा, अजय सोंधिया, मो.हारूक खान, रशीद खान, जाहिद खान व सैकड़ो की संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

### एमपीटॉस पोर्टल पर आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 जनवरी

रीवा। एमपीटॉस पोर्टल पर अनुसूचित जाति एवं जनजाति के विद्यार्थियों को पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति एवं आवास नवीन एवं नवीनकरण आवेदन एवं डाटा अपलोड 31 जनवरी तक किये जा सकते हैं। इस संबंध में जिला संयोजक अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य विभाग ने शैक्षणिक संस्थाओं के प्रमुखों से भी निर्धारित तिथि तक डाटा अपलोड करने तथा विद्यार्थियों से आवेदन कराना सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है।

### वैष्णवी ग्रुप ऑफ़ एजुकेशन के संचालक की नानी शांता देवी का 105 वर्ष में हुआ देहांत



रीवा। वैष्णवी ग्रुप ऑफ़ एजुकेशन के संचालक राजेंद्र कुमार शुक्ला की प्रिय नानी, श्रीमती शांता देवी ने रविवार को दुनिया से अलविदा कह दिया। उनका अंतिम संस्कार 27.01.2024 को उनके गृह ग्राम रीवा में गड्डी रोड लक्ष्मणपुर में हुआ। श्रीमती शांता देवी की उम्र 105 वर्ष थीं और उन्होंने अपने जीवन को धार्मिक भावनाओं और सेवा के साथ भरा रखा श्रीमती शांता देवी ने समाज में अपने सत्कार्यों से अपना विशेष पहचान बनाई। उन्होंने विभिन्न सामाजिक कार्यों में भाग लिया और शिक्षा के क्षेत्र में भी योगदान किया। वैष्णवी ग्रुप ऑफ़ एजुकेशन की शिक्षा में उनका साकारात्मक योगदान अद्वितीय रहा है और उनकी अनमोल शिक्षाओं ने अनगिनत छात्रों को मार्गदर्शन किया। श्रीमती शांता देवी का स्वर्गवास स्थानीय समुदाय में गहरा शोक और दुःख लाया है वैष्णवी ग्रुप ऑफ़ एजुकेशन के संचालक राजेंद्र कुमार शुक्ला ने भगवान से प्रार्थना कि नानी जी की आत्मा को शांति प्रदान करें और उनके परिवार को इस कठिन समय में साहस और समर्थन प्रदान करें।

# संस्कृत भाषा विश्व बंधुत्व की भावना जागृत करती है - उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल








**जनपद संस्कृत सम्मेलनम कार्यक्रम का उप मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ**

उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि संस्कृत भाषा, देवभाषा मानी जाती है इसे जनसामान्य तक पहुंचाने के लिए सभी की सहभागिता आवश्यक है। संस्कृत भाषा विश्व बंधुत्व की भावना जागृत करती है। सामाजिक बुराईयों का दमन संस्कृत भाषा से ही संभव है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने संस्कृत भारती द्वारा जनपद संस्कृत सम्मेलनम का शुभारंभ किया।

रीवा !

सिंधु भवन रीवा में आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि संस्कृत भाषा को पुनः जनमानस में स्थापित कर व्यवहार भाषा बनाने के लिए कृतसंकल्पित संस्कृत भारती की सक्रियता सराहनीय है। संस्कृत भारती से जुड़े विद्वानों ने संक्रमण काल व विपरीत परिस्थितियों में भी संस्कृत भाषा को स्थापित रखा। इसके लिए वह बधाई के पात्र हैं। हमारे देश में सभी मांगलिक व धार्मिक कार्यक्रम संस्कृत के विद्वान पंडितों द्वारा ही संपन्न कराये जाते हैं। उन्होंने कहा कि रीवा में संस्कृत विश्व विद्यालय की स्थापना हो चुकी है और चार संकायों में विद्यार्थियों ने प्रवेश लेकर अध्ययन भी शुरू कर दिया है। शीघ्र ही इस विश्व विद्यालय का भव्य भवन व छात्रावास बनेगा और यह केन्द्र संस्कृत भाषा अध्ययन का महत्वपूर्ण केन्द्र बनेगा तथा विश्व विद्यालय संस्कृत भाषा को जनमानस में स्थापित करने में सहायक सिद्ध होगा। श्री शुक्ल ने कहा कि देश व विदेश में रीवा के संस्कृत विद्वानों ने अपनी पहचान बना रखी है और उन्हें यह प्रतिष्ठा संस्कृत के कारण ही मिली है। श्री शुक्ल ने रीवा में संस्कृत सम्मेलनम आयोजन के लिए समिति को बधाई दी। इस अवसर पर अखिल भारतीय सहसंगठन मंत्री श्री जयप्रकाश गौतम एवं सूर्यप्रकाश गौतम ने भी अपना उद्बोधन दिया। कार्यक्रम का संचालन संदीप मिश्रा एवं आभार प्रदर्शन शिवम चतुर्वेदी ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में संस्कृत अनुरागी विद्वत्तजन तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने सांसद को सौंपा ज्ञापन



रीवा

आम जनता के लिए सरकार द्वारा बनाई जाने वाली योजनाओं को मर्तरूप देने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली योजना कर्मियों की मांगों को लेकर आगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका एकता यूनियन (सीटू) द्वारा संगठन के राष्ट्रीय आह्वान पर स्थानीय सांसद जर्नादन मिश्रा से उनके सिविल लाइन स्थित शासकीय आवास पर मिलकर अपनी मांगों से सम्बन्धित ज्ञापन सौपकर उसमें तत्काल हस्तक्षेप कर समाधान कराने की मांग उटाई। संगठन द्वारा सौपे गये ज्ञापन में आंगनवाड़ी कर्मियों, मध्यान्ह भोजन कर्मियों, आशा कर्मियों सहित सभी योजना कर्मियों को नियमित शासकीय कर्मचारी बनाने तथा उसी के अनुरूप वेतन व सुविधाएँ देने, सभी योजनाओं के लिए स्थाई विभाग बताते हुए उसके लिए पर्याप्‍ वजट व संसाधन उपलब्ध कराने, जब तक नियमितीकरण न हो तब तक श्रम सम्मेलन की सिफारिश के अनुसार 26 हजार रुपये न्यूनतम वेतन तथा 10 हजार रुपये पेंशन, भविष्य निधि, ई.एस.आई. ग्रेज्युटी आदि सामाजिक सुरक्षा के लाभ दिलवाने, आगनवाड़ी कार्यकगर्ताओं एवं सहायिकाओं को ग्रेज्युटी देने के सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का पालन कराने, सभी योजना कर्मियों के वेतन व सेवा शर्ता में सुधार करने तथा इस प्रक्रिया के लिए एक वेतन आयोग का गठन करने, सभी योजनाओं के निजीकरण को रोकने, चारो श्रम संहिताए वापस लेने, सभी के लिए भोजन आवास, नौकर, सामाजिक सुरक्षा की व्यवस्था करने, महिलाओं और बच्चों के खिलाफ होने वाली हिंसा पर रोक लगाने आदि मांगों को प्रमुखता से उठाया गया। इस दौरान यूनियन की अध्यक्ष शशिकला पाण्डेय, महासचिव रामवती सिंह, सुनीता मिश्रा, रजिया खांन, स्वेता पाण्डेय, पुष्पांजलि त्रिपाठी, प्रभा सोनी, रसीदा बेगम, शिखा खरे, अर्चना पाण्डेय के अलावा सीटू के जिलाध्यक्ष गिरिजेश सिंह सेंगर, महासचिव सौरभ मिश्रा सहित यूनियन से जुड़े बड़ी संख्या में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अवैध शराब विक्रय व परिवहन के मामले में न्यायालय ने दोषमुक्त घोषित किया

रीवा ।

न्यायालय श्री मान न्यायिक दंडाधिकारी महोदय रीवा( मध्य प्रदेश) समक्ष श्री ललित कुमार मैडा जी ने प्रकरण क्रमांक 3012/2014 शासन बनाम देवी दयाल वगैरह के मामले मे आज दिनांक 27/01/2024 को निर्णय पारित कर सभी आरोपियों को दोषमुक्त घोषित किया। रिपोर्ट कर्ता ने थाना लौर जिला रीवा मे रिपोर्ट लेख कराई थी कि आज दिनांक 3/04/2014 को लोकसभा चुनाव ड्यूटी के दौरान बतौर सेक्टर प्रभारी, मऊगंज के पहले रीवा वनारस



रोड पर चेकिंग लगाए हुए था और उसके साथ अर्ध सैनिक बल की भी टीम थी, आरोपीगण एक मार्शल वाहन से रीवा से मऊगंज तरफ जा रहे थे , रोकने पर मार्शल का ड्राइवर गाड़ी की स्पीड तेज कर वाहन लेकर भागा जिनका पीछा कर एक किलोमीटर बाद पकड़ा गया , उक्त मार्शल वाहन पूरी तरफ शराब से भरी हुई थी, आरोपियों द्वारा बताया गया कि उक्त शराब बांदा कंपनी की है किंतु मागने पर शराब परिवहन से संबंधित वैध दस्तावेज नहीं दिए गए, आरोपियों को मौका स्थल से गिरफ्तार कर मय अवैध शराब व मार्शल वाहन थाना लाया गया , वाहन में 200 लीटर से ज्यादा शराब पाई गई रिपोर्ट कर्ता के वायान और रिपोर्ट के आधार पर थाना लौर रीवा पुलिस ने आरोपीगण के विरुद्ध अपराध क्रमांक ,104/2014 अंतर्गत धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम पंजीबद्ध किया था, आरोपी देवी दयाल की प्रकरण के विचारण के दौरान ही मृत्यु हो गई थी, शेष आरोपियों के लिए प्रकरण का विचारण पूर्ण किया गया।

न्यायालय ने सभी साक्षियों के साक्ष्य आहूत करने के उपरांत पाया कि अभियोजन प्रकरण को संदेह से परे प्रमाणित करने मे असफल रहा है एवं आज दिनांक 27/01/2024को निर्णय पारित कर सभी आरोपियों को दोषमुक्त घोषित किया आरोपी शिवेंद्र सिंह उर्फ़ पिंकु सिंह निवासी नरेंद्र नगर रीवा की तरफ से प्रकरण की पैरवी अधिवक्ता कुलदीप सिंह सोमवंशी ने किया ।

# तीसरे दिन प्रताप में छलांग लगाने वाले युवक का झाड़ियों के बीच मिला शव





**ग्रामीणों के सहयोग से निकलवाया गया बहुती प्रपात से शव**

मऊगंज

जिले के नईगढी थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले बहुती जलप्रपात में कथित रूप से एक युवक द्वारा छलांग लगाए जाने की जानकारी होते ही पीड़ित परिवार जनों सहित पूरे क्षेत्र में सन्नाटा खिंच गया। कथित रूप जल प्रतात में कूदे युवक की तलाश में आपदा प्रबंधन की टीम पुलिस एवं ग्रामीणों के सहयोग से रविवार को प्रपात में उतरी काफी गहराई घना जंगल एवं कठिन मार्ग से गुजरते हुए आपदा प्रबंधन टीम को मिली सफलता। झाड़ियां के बीच फंसा मिला युवक का शव ग्रामीण जनों के सहयोग से प्रताप से बाहर निकलवाया गया। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊगंज जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले समीपवर्ती करह गांव निवासी 22 वर्षीय युवक आदर्श सिंह उर्फ मोनू पिता राजपती सिंह हैदराबाद से चलकर शुकवार को बस में बैठकर अपने गांव की ओर निकला था। पीड़ित परिवार की माने तो युवक अपने गांव से करीब 3 किलोमीटर पहले बहुती में बस से उतर गया। और प्रताप के किनारे पहुंच कर परिवार जनों को मोबाइल पर सूचना दिया कि हम प्रताप में कूद कर आत्महत्या करने जा रहे हैं। युवक द्वारा आत्मघाती कदम उठाए जाने की जानकारी होते ही परिवार के लोग बहुती जलप्रपात की ओर भाग निकले। परिवार के लोग जब बहुती जलप्रपात के किनारे पहुंचे तो युवक का प्रपात के किनारे बैग पाया जिसमें युवक के रिकार्ड सहित कपड़े आदि भरे मिले। लेकिन युवक का प्रपात के आसपास कहीं भी पता नहीं चला। परिजनों द्वारा खोजबीन यहां तक की ग्रामीण प्रपात के नीचे उतरे और कथित रूप से प्रपात में छलांग लगाने वाले युवक की तलाश किया लेकिन कहीं भी पता नहीं चला। इधर शनिवार को नईगढ़ी थाना पुलिस एवं रीवा से पहुंची आपदा प्रबंधन की टीम द्वारा जल प्रपात के अंदर उतरकर युवक की तलाश किए जाने का प्रयास किया गया लेकिन घना जंगल पथरीला मार्ग के होने एवं रात्रि हो जाने कारण सफलता हासिल नहीं हुई। तो वही रविवार की सुबह पुलिस,आपदा प्रबंधन टीम एवं ग्रामीण जनों द्वारा युवक की तलाश जारी की गई। जिसमें नईगढ़ी पुलिस एवं आपदा प्रबंधन की टीम को सफलता मिली। झाड़ियां के बीच फंसा मिला सब, कड़ी मस्सक्रत के बाद बहुती प्रताप से बाहर निकलवाया गया सब। कानूनी प्रक्रिया उपरांत सब का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया गया है। वही नईगढ़ी पुलिस द्वारा घटना को जांच में लिया गया है।

# गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ जिले भर में मनाया गया

**जिले भर में आन बान शान से लहराया तिरंगा**

मऊगंज








जिले भर मे गणतंत्र दिवस की 75 वीं वर्षगांठ के मौके पर जिले के नईगढ़ी, मऊगंज, हनुमना विकासखंड मुख्यालयके विभिन्न विभागों के कार्यालय,शासकीय ,अशासकीय स्कूलों सहित स्वयंसेवीसंगठनों सहित विभिन्न राजनीतिक पार्टी कार्यालय के साथ पूरे अंचल में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। संविधान के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में पूरे देश में गणतंत्र महोत्सव के रूप में मनाते हुए जगह जगह तिरंगा फहराया गया। गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर देश भक्ति के रंग में रंगे विद्यालय के नन्हे मुन्ने छात्र-छात्राओं द्वारा जहां राष्ट्रभक्ति गीत की प्रस्तुति दी गई।वही शासकीय विद्यालय में राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम हूए।*थाना परिसर में तिरंगा फहरा कर दी तिरंगे को सलामी*गणतंत्र दिवस के पर्व पर थाना नईगढ़ी में थाना प्रभारी एमपी अहिरवार द्वारा तिरंगा फहराया गया तो वहीं उपस्थित पुलिस बल द्वारा राष्ट्रध्वज की सलामी दी गई। थाना प्रभारी एमपी अहिरवार ने सभी उपस्थित पुलिस जवानों को कर्तव्य का पाठ पढ़ाया। तों वही परेड के साथ तिरंगे की सलामी के मौके पर उपस्थित एसआई यू एन तिवारी, एएसआई पवन कुमार अवस्थी, एएसआई तीरथ साकेत, प्रधान आरक्षक आंनद मणि अग्निहोत्री, प्रधान आरक्षक मुंशीलाल, आरक्षक वीरभद्र सिंह, आरक्षक सूरज तिवारी, आरक्षक अमित पांडे, आरक्षक संतोष मीणा, आरक्षक मुकेश अहिरवार, आरक्षक रविंद्र कुशवाहा, आरक्षक सुजीत शर्मा, आरक्षक प्रदीप यादव, आरक्षक अमित पांडे, आरक्षक मनीष पांडे, आरक्षक संजय बागरी सहित पुलिस स्टॉप के द्वारा परेड के साथ दी गई सलामी। *नगर परिषद एवं तहसील कार्यालय नईगढ़ी*राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस की 75 वी वर्षगांठ के शुभ अवसर पर तहसील कार्यालय नईगढ़ी में तहसीलदार दीपक तिवारी द्वारा ध्वजारोहण किया गया इस मौके पर कार्यालयीन अधिकारी कर्मचारी एवं अधिवक्ता मौजूद रहे। तो वही नगर परिषद नईगढ़ी में अध्यक्ष नागिता गुप्ता द्वारा ध्वजारोहण किया गया। साथ ही सभी उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों सहित पार्षदों ने राष्ट्रीय गीत के साथ मध्यप्रदेश गायन का वाचन किया। वही मुख्य नगर पालिका अधिकारी हेमंत त्रिपाठी ने जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम सब गणतंत्र दिवस के 75 साल पूरे कर चुके हैं। एवं 75 वीं वर्षगांठ गणतंत्र महोत्सव के रूप में मना रहे हैं। और हम सबका दायित्व बनता है कि देश की एकता अखंडता बनाए रखने के लिए पूर्ण समरसता के साथ समाज के हित में कार्य करें। एवं आपस में भाईचारे के साथ कार्य करते हुए, एक दूसरे के प्रति सहयोग की भावना रखें। ध्वजारोहण कार्यक्रम में अध्यक्ष नागिता गुप्ता के साथ उपाध्यक्ष विभा शर्मा पार्षदों में रतन लाल मिश्र, नसीम अहमद खान, रामा आदिवासी, समय लाल साकेत, पूर्णिमा कुशवाहा, प्रियंका सिंह, गौरा देवी, छबि लाल प्रजापति, महेश पटेल,पुतरिया बसोर, मिलादुन्निसा सहित पार्षद मौजूद रहे तो वही भाजपा मंडल अध्यक्ष बृजेंद्र गुप्ता समाजसेवी व भाजपा बरिष्ठ नेता रामाश्रय नामदेव, रामदयाल शर्मा, श्रीकांत तोमर, ललित कुमार पटेल, शिवानंद भुजबल, शीतला कुशवाहा, इंद्रभान जैसवाल, रामपाल सिंह, राज रमन पटेल मौजूद रहे तो वही नगर परिषद के कर्मचारियों में सुरेंद्र सिंह, रमा निवास सोनी, गिरीश कुमार पांडे, सिराज उल हक, अंकित हलवाई, बृजमोहन वर्मा, असलम खान, सूरज नामदेव, राकेश कुमार भुजवा राजेश पटेल, भूषण त्रिपाठी, संजय नामदेव, बाबूलाल पटेल सहित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।*स्वास्थ्य विभाग एवं जनपद कार्यालय में फहराया तिरंगा*राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के अवसर पर जनपद पंचायत नईगढ़ी राष्ट्रीय ध्वज जनपद अध्यक्ष ममता कुंजबिहारी तिवारी द्वारा फहराया गया। इस बीच जनपद उपाध्यक्ष जुल्फी लाल साकेत जनपद सीईओ सहित जनप्रतिनिधि ,समाजसेवी व कर्मचारी उपस्थित रहे। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य नईगढ़ी मे डॉ आर के पाठक द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया जिसमें डॉ आर के पाठक, डॉ सुनीता वर्मा,डॉ रामचंद्र पटेल ,रविशंकर वर्मा,आशीष खरे, श्रीकांत मिश्रा सीमा वर्मा,बी एल तिवारी, अजयकांत पांडेय,नरेंद्र वर्मा, सीमा सिंह सरिता ब्राह्मणे, सीमा वर्मा उर्मिला मिश्रा,सविता मिश्रा,रामवती पटेल,सुषमा पांडेय,विजयलक्ष्मी तिवारी,रमेश पटेल निशा भारती पुष्पेंद्र पटेल सहित कर्मचारी एवं सभ्रांत नागरिक मौजूद रहे।